दिनांक: 05.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर कवायद तेज़ हो गयी है। चुनाव नतीजों में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए को 292 सीटें हासिल हुई हैं। इंडी गठबंधन को 233 सीटें मिली हैं। आगामी रणनीति को लेकर आज नई दिल्ली में एनडीए की बैठक रखी गयी है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए सहयोगी दलों से विचार विमर्श किया जाएगा। दूसरी ओर इंडी गठबंधन ने भी आज शाम नई दिल्ली में बैठक बुलाई है। इस बीच, केन्द्रीय मंत्रिमंडल की भी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गयी है। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह सहित मंत्रिमंडल के कई सदस्य भाग ले रहे हैं।

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर काम करने को लेकर मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के दौरान की थी। पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाना और पर्यावरणीय मुद्दों पर वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से बेहतर और हरित विश्व के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि धरती की रक्षा करना सभी की मौलिक जिम्मेदारी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवता और प्रकृति के बीच सामंजस्य ही टिकाऊ जीवन की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पौधा लगाकर ''एक पेड़, मां के नाम'' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंडल से सम्बंधित विभिन्न रिपोर्ट्स जारी करने के साथ हैकाथॉन टू का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जयपुर शहर के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली भी लॉंच की जाएगी।

पर्यावरण दिवस पर जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ रोड़ पर जयपुर हैरिटेज निगम की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अजमेर में नगर निगम की ओर से पुरानी चौपाटी पर श्रमदान कार्यक्रम रखा गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए।

बूंदी में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और वन विभाग की ओर से खेल संकुल में कार्यक्रम रखा गया। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ ली गयी। भीलवाडा के मानिक्यलाल वर्मा महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरहदी जिले जैसलमेर के इंदिरा स्टेडियम में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। बाड़मेर में भी संगोष्ठी का आयोजन किया गाय। हनुमानगढ़ में लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गयी। शाहपुरा में आमजन के साथ पुलिसकर्मियों ने पौधों के तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधे। बारां में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन पर विचार व्यक्त किये।

आईसीसी ट्वंटी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में आज शाम न्यूयार्क में भारत का सामना आयरलैंड से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। इससे पहले शनिवार को इसी मैदान पर भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रन से हराया था। ग्रुप स्टेज में भारत का दूसरा मुकाबला 9 जून को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से, 12 जून को अमरीका से और 15 जून को कनाडा से होगा।

प्रदेश में आज से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं–कहीं आंधी और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर 8 जून तक रहने के आसार हैं। इस दौरान कहीं–कहीं अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने आज जोधपुर और बीकानेर संभाग में हल्की बारिश की संभावना जतायी है। राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस बने रहने का पूर्वानुमान है। अधिकांश भागों में फिलहाल हीटवेव से राहत जारी रहने की संभावना है। विभाग के अनुसा बीते 24 घंटों में सर्वाधिक 45 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। वहीं कोटा में बीती रात, 33 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रही।